भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1712

06 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

देश में बच्चों का टीकाकरण

1712. श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों में देश के मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम के तहत डीटीपी, खसरा शॉट आदि सहित टीके लगवाने वाले बच्चों के प्रतिशत का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या विगत पांच वर्षों में टीके लगवाने वाले बच्चों की संख्या में कोई कमी आई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार ने इस तथ्य का संज्ञान लिया है कि भारत में लगभग 16 लाख बच्चों को वर्ष 2023 में कोई टीका नहीं लगाया गया और इसमें देश नाइजीरिया के बाद दूसरे स्थान पर है; और

(ङ) यदि हां, तो बच्चों में टीकाकरण के कवरेज को बेहतर बनाने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत, 2 वर्ष की आयु तक के सभी पात्र बच्चों का टीकाकरण कार्यक्रम के अनुसार टीके लगाए जाते हैं। मिशन इंद्रधनुष (एमआई) और सघन मिशन इंद्रधनुष (आईएमआई), कम टीकाकरण कवरेज वाले क्षेत्रों में छूटे हुए और रह गये बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए नियमित अंतराल पर चलाए जाने वाले विशेष अभियान हैं। सघन मिशन इंद्रधनुष के तहत पिछले पांच वर्षों में टीके लगवाने वाले बच्चों का विवरण **अनुलग्नक 1** में दिया गया है।

(ख) और (ग): भारत ने पिछले पांच वर्षों में लगातार 90% से अधिक पूर्ण राष्ट्रीय टीकाकरण कवरेज का उच्च स्तर बनाए रखा है। पिछले पांच वर्षों में बच्चों के पूर्ण टीकाकरण कवरेज का विवरण **अनुलग्नक 2** में दिया गया है।

(घ) और (ङ): भारत का टीकाकरण कार्यक्रम विश्व स्तर पर सबसे बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य पहल है, जिसका लक्ष्य 1.3 करोड़ टीकाकरण सत्रों के माध्यम से सालाना 2.6 करोड़ बच्चों और 2.9 करोड़ गर्भवती महिलाओं के एक विशाल समूह का टीकाकरण करना है। कुल जनसंख्या के प्रतिशत के रूप में, शून्य खुराक वाले बच्चे देश की कुल आबादी का 0.11% हैं। भारत की बड़ी आबादी को देखते हुए, यहाँ दुनिया भर के देशों की तुलना में टीकाकरण किए गए बच्चों की संख्या सबसे अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का पूर्ण टीकाकरण कवरेज 93.5% था (स्रोत: एचएमआईएस)। वित्त वर्ष 2023-24 में देश में कुल 2,49,09,717 बच्चों का पूर्ण टीकाकरण किया गया (स्रोत: एचएमआईएस)।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी पात्र बच्चों को छूटे हुए/देय टीकों की खुराक मिल सके, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ समन्वय में सरकार द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं।

1. सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में समय-समय पर टीकाकरण अभियान के रूप में सघन मिशन इंद्रधनुष (आईएमआई), राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस और पल्स पोलियो कार्यक्रम के लिए उप-राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस आयोजित किए जाते हैं।

2. टीकाकरण के लिए निर्धारित दिनों पर वीएचएनडी (ग्राम स्वास्थ्य और पोषण दिवस) का आयोजन किया जाता है, साथ ही अन्य आरसीएच कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

3. टीकाकरण संबंधी राज्य कार्यबल (एसटीएफआई), टीकाकरण संबंधी जिला कार्यबल (डीटीएफआई) और टीकाकरण संबंधी ब्लॉक कार्यबल (बीटीएफआई) नियमित रूप से चलाए जाने वाले अभियानों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करते हैं।

4. नियमित रूप से सूचना शिक्षा और संचार अभियान चलाए जाते हैं।

अनुलग्नक **-1**

पिछले **5** वर्षों में राष्ट्रीय आईएमआई कवरेज:

विगत वर्षों में आईएमआई	कुल टीकाकृत बच्चे
वर्ष 2018	4,93,899
वर्ष 2019	37,09,956
वर्ष 2021	9,54,406
वर्ष 2022	59,99,158
वर्ष 2023	1,00,68,042

(स्रोत: आईएमआई रिपोजिटरी और यू-विन)

अनुलग्नक- 2

पूर्ण टीकाकरण कवरेज (%): 2019-20 से 2023-24

	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
भारत	92.8	93.4	93.6	94.7	93.5

डेटा स्रोत - 1 अगस्त, 2024 तक की स्थिति के अनुसार एचएमआईएस से डाउनलोड किया गया।

*****